उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 15.08.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 15.08.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'साइबर जागरुकता' अभियान।**
- **महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर पंपलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, गुड टच-बैड टच एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।**







महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 15.08.2025 को मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा के थाना चरखारी एवं महिला रिपोर्टिंग चौकी चरखारी की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले सार्वजनिक स्थलों में जाकर वहां मौजूद बच्चियों तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत जागरुक किया गया साथ ही साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गई।

अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंपलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 15.08.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## साइबर जागरूकता अभियान - जनपद महोबा पुलिस

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में, उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में, जनपद महोबा में आज दिनांक- 15.08.2025 को जनपद के समस्त थानों की पुलिस टीम द्वारा वृहद स्तर पर साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को साइबर अपराधों से बचाव एवं साइबर सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना है।

जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित शैक्षणिक संस्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं सामाजिक संगठनों में जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

प्रमुख साइबर अपराध एवं बचाव उपायों के बारे में आमजन को जानकारी दी गई, जिनमें शामिल हैं:

फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट, रैनसमवेयर, पहचान की चोरी, ऑनलाइन स्कैम, डार्क पूल फ्रॉड, डीपफेक, UPI फ्रॉड, क्रिप्टो धोखाधड़ी आदि से जुड़ी ठगी के तरीके एवं उनसे बचाव।

संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करना, मजबूत पासवर्ड व 2FA का प्रयोग, एंटीवायरस अपडेट, साइबर हेल्पलाइन 1930 व वेबसाइट https://cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करना जैसे सुझाव प्रदान किए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएँ, जिससे आमजन विशेषकर युवा वर्ग, महिलाएं एवं तकनीकी रूप से कम जानकार नागरिक साइबर अपराधों से सुरक्षित रह सकें।

ध्यान दें संदेह होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें या https://cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें। अपनी निजी जानकारी कभी भी किसी अज्ञात लिंक या व्यक्ति से साझा न करें।

जनपद पुलिस महोबा – आपकी सुरक्षा, हमारी प्राथमिकता।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 15.08.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

**"पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में, नशा मुक्ति अभियान की पाँचवीं वर्षगांठ के अवसर पर जनपद के विभिन्न थानों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें आमजन एवं छात्र/छात्राओं को जागरूक किया गया और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।"**

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में 01 से 31 अगस्त 2025 तक पूरे जनपद में नशा मुक्ति अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान की पाँचवीं वर्षगांठ के अवसर पर आज दिनांक 15.08.2025 को जनपदीय पुलिस टीम द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर चौपाल और कार्यशालाओं जैसे प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं और स्थानीय नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया तथा नशा त्यागने व दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

जनपदीय पुलिस टीम द्वारा विद्यार्थियों व आमजन को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और नशा मुक्त समाज बनाने का संदेश दिया गया।

सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक ई-शपथ लेकर नशे के विरुद्ध आवाज़ उठाने और सुरक्षित भविष्य निर्माण का संकल्प लिया।

“स्वस्थ समाज, नशा मुक्त विचार” — इस मूल मंत्र के साथ यह अभियान जनपद के हर वर्ग तक पहुँचाने का दृढ़ संकल्प लिया गया।






# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में जनपद महोबा पुलिस ने हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस, उत्कृष्ट सेवाओं के लिये पुलिस अधि./कर्म. को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

आज दिनांक 15 अगस्त 2025 को भारतीय स्वाधीनता के 79वें स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर श्री प्रबल प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा द्वारा पुलिस अधीक्षक कैम्प कार्यालय/आवास में ध्वजारोहण किया गया व सभी पुलिस कर्मियों को मिष्ठान वितरित कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दी गईं।

पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन, महोबा में ध्वजारोहण किया गया एवं देश की स्वतंत्रता में अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर जवानों को नमन करते हुये उनके बलिदान को याद किया, सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को भारतीय संविधान व कानून का पालन करने एवं राष्ट्र की एकता, अखण्डता को बनाये रखने हेतु प्रेरित किया तथा सभी पुलिसकर्मियों को सत्यनिष्ठा पूर्वक अपने दायित्वों व कर्तव्यों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया गया तथा सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण को विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभानें, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिए हर सम्भव प्रयास करने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व व उसके उत्थान के लिए हमेशा काम करने तथा देश की एकता व एकजुटता के लिए सदैव प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया गया।

इसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद महोबा में नियुक्त पुलिस कर्मियों जिन्होने सत्यनिष्ठा पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया उन सभी को प्रशस्ति-पत्र वितरित कर उनके कार्यों की सराहना की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त अधि./कर्म गण को मिष्ठान वितरित कर स्वतंत्रता दिवस की ढ़ेर सारी शुभकामनाएं व बधाई देते हुए मिष्ठान वितरण किया गया।

इसी क्रम में श्रीमती वन्दना सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गयी व भारतवर्ष के गौरवशाली इतिहास को दोहराते हुए पुलिसकर्मियो को अपने कर्तव्यो का पूर्ण मनोयोग व ईमानदारी से निर्वहन करते हुए देश की एकता व अखण्डता को बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया।

जनपद के प्रत्येक थानों, चौकियों व कार्यालयों में स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण कर हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व को मनाया जा रहा है तथा एक दूसरे को बधाई व शुभकामनाएं दी जा रही हैं।





# महोबा पुलिस



## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 15.08.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित उ0नि0 प्रशान्त दीक्षित मय हमराह का0 कुलदीप सिंह व का0 मो0 कामिल खान के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 176/2025 धारा 127(2)/74/351(3) BNS व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछिंत अभियुक्त ललित लोधी पुत्र कृष्णमुरारी लोधी निवासी ग्राम बफरेथा थाना चरखारी जनपद महोबा को राठ चरखारी रोड थाना चरखारी जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

ललित लोधी पुत्र कृष्णमुरारी लोधी निवासी ग्राम बफरेथा थाना चरखारी जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-

1. उ0नि0 प्रशान्त दीक्षित
2. का0 कुलदीप सिंह
3. का0 मो0 कामिल खान



## अपनी ही सास पर जानलेवा हमला करने; जिनकी दौराने इलाज दुःखद मृत्यु हो गयी, उक्त घटना कारित करने वाले हत्यारोपी अभियुक्त (दामाद) को मय आलाकत्ल 01 अदद चाकू के साथ थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक- 15.08.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री मनीष कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 धारा 118(1)/115(2)/351(2)/103(1) BNS से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त जालम रैकवार पुत्र गिरधारीलाल रैकवार उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम चुरबारी थाना अलीपुरा जनपद छतरपुर म0प्र0 को फायर ब्रिगेड से आगे स्टेशन जाने वाली रोड महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री मनीष कुमार पाण्डेय
2. निरीक्षक अपराध श्री यशवन्त सिंह 3. उ0नि0 अभिषेक पटेल
4. हे0का0 विकास सिंह 5. का0 मुकेश सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्त-

जालम रैकवार पुत्र गिरधारीलाल रैकवार उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम चुरबारी थाना अलीपुरा जनपद छतरपुर म0प्र0



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 15.08.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

कल दिनांक 27.07.2025 को जनपद महोबा के थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रतौली से सूचना प्राप्त हुयी कि एक व्यक्ति हकिम सिंह पुत्र लल्लू सिंह की हत्या उनके सगे बहनोई राजबहादुर सिंह ने कर दी है, उक्त सूचना पर जनपदीय पुलिस के उच्चाधिकारीगण द्वारा मय स्थानीय पुलिस व फील्ड यूनिट टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था।

अपनी सास श्याम W/O मुन्नी निवासी समदनगर पर गुस्से में हमला करने वाले उसके पश्चात दिनांक 12.08.25 को उसकी मृत्यु हो गयी उपरोक्त घटना के सम्बन्ध में